आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.06.2026 समय : 1905

- किसानों को जागरुक करने के उद्देश्य से कृषि मंत्री ने एक महीने का राष्ट्रव्यापी खेत बचाओं अभियान का मध्यप्रदेश के रायसेन में शुभारंभ किया।
- पश्चिम बंगाल में मंत्रिमंडल विस्तार के तहत पैंतीस नए मत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ लीं।
- राजधानी श्री विजयपुरम में तेलगु देशम पार्टी के कार्यक्रम महानाडु–2026 में समाज के अधिकारों और विकास पर बल दिया गया।
- वाइस एडमिरल विनीत मकार्टी ने अंडमान निकोबार कमान के 20वें कंमाडर–इन–चीफ के रूप में कार्यभार संभाला।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के रामसिया गांव से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। एक महीने तक चलने वाला यह अभियान देश की कृषि भूमि को बचाने और किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए जागरूक करने की दिशा में एक बड़ी पहल है। कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा इस अभियान में कृषि विश्वविद्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि विज्ञान केंद्र और जनप्रतिनिधि मिलकर भाग ले रहे हैं। अभियान के तहत किसानों को मिट्टी परीक्षण, सॉइल हेल्थ कार्ड, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ भी किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

खेत बचाओं अभियान के अंतर्गत आज दक्षिण अंडमान के कोलिनपुर और नमूनाघर गांव में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग और जल संरक्षण उपायो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। द्वीप समूह में यह कार्यक्रम कृषि विभाग, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण और आई सी ए आर– कृषि विज्ञान केन्द्र दक्षिण अंडमान के सहयोग से आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने आज अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राज्यपाल आर. एन. रवि ने कोलकाता के लोक भवन में आयोजित समारोह में पैंतीस नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नव नियुक्त मंत्रियों को विभाग बाद में आवंटित किए जाएंगे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि ने बिना गारंटी के ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर खोलकर लाखों रेहड़ी–पटरी वालों के जीवन स्तर में सुधार किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह योजना विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है। वर्ष 2020 में योजना शुरू होने के बाद से अब तक एक करोड़ बारह लाख से अधिक ऋण दिए गए हैं। देश के लाखों रेहड़ी पटरी वालों को पिछले छ साल से पीएम स्वनिधि स्कीम के जरिए आसानी से कर्ज मिल रहा है। इससे उनके लिए अस्थाई आजीविका सुनिश्चित हो पाई है। इस योजना के तहत बिना किसी गारंटी के तीन चरणों में क्रमशः पन्द्रह हजार, पच्चीस हजार और पचास हजार तक के कर्ज उपलब्ध कराए जाते हैं। इन कर्जों पर ब्याज सब्सिडी तथा ऋण गारंटी सहायता भी प्रदान की जाती है। इस पहल से देश भर के शहरों और कस्बों में पच्हत्तर लाख से अधिक लाभार्थियों को फायदा हुआ है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत अब तक सत्रह हजार आठ सौ करोड रुपए से अधिक के कर्ज वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा पचपन लाख से अधिक लाभार्थियों को इस स्कीम से डिजिटल रूप से जोड़ा गया है।

<><><><><><>

भाजपा की अंडमान निकोबार इकाई ने संगठन विस्तार के तहत विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजकों की घोषणा की है। राज्य प्रकोष्ठ संयोजक एम. विनोद ने प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी के मार्गदर्शन और अनुमोदन से इन नियुक्तियों की जानकारी दी। नव नियुक्त प्रकोष्ठ संयोजकों का कार्यकाल वर्ष 2028 तक रहेगा। घोषित नामों के अनुसार बौद्धिक प्रकोष्ठ के लिए भानु प्रताप यादव, विधि प्रकोष्ठ के लिए सुपर्णा बिस्वास, प्रोफेशनल प्रकोष्ठ के लिए अभिजीत अग्रवाल तथा मेडिकल प्रकोष्ठ के लिए मयंक को नियुक्त किया गया है। शिक्षक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी पी. रामचंद्रन, सहकारिता प्रकोष्ठ की नंद किशोर सिंह और पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की सर्वेश्वर मिश्रा को सौंपी गई है।

<><><><><><>

तेलुगु देशम पार्टी की अंडमान निकोबार इकाई ने 27 और 28 मई को श्री विजयपुरम के हैड्डो स्थित म्युनिसिपल कम्युनिटी हॉल में अपना वार्षिक सम्मेलन 'महानाडु–2026' आयोजित किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं, एनआरआई समर्थकों और द्वीपों में रहने वाले तेलुगु भाषी परिवारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय एन टी रामा राव को श्रद्धांजलि, पार्टी ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उद्घाटन सत्र में तेलुगु समाज के कल्याण और अंडमान–निकोबार के विकास के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एन. माणिक्य राव यादव ने कहा कि महानाडु तेलुगु स्वाभिमान का उत्सव है और पार्टी द्वीपों के हर तेलुगु परिवार की आवाज़ बनकर कार्य करती रहेगी।

<><><><><><><>

वाइस एडमिरल विनीत मकार्टी ने आज अंडमान निकोबार कमान के 20वें कमांडर–इन–चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे 1 जुलाई उन्नीस सौ नवासी को भारतीय नौसेना में कमीशन हुए थे। उन्हें नौसेना, प्रशिक्षण, स्टाफ और त्रि–सेवा क्षेत्रों में छत्तीस वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है। उनके कार्यकाल में आई एन एस दिल्ली के कमीशनिंग क्रू का हिस्सा रहने के साथ आई एन एस अजय, आई एन एस खंजर और आई एन एस शिवालिक की कमान शामिल है। अपने कार्यभार ग्रहण करने के बाद वाइस एडमिरल मकार्टी ने अंडमान निकोबार कमान की सामरिक महत्ता पर बल देते हुए भारत के समुद्री हितों की सुरक्षा और हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने परिचालन तैयारियों को और मजबूत करने, तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय बढ़ाने तथा इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कमान की भूमिका को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। वाइस एडमिरल मकार्टी को विशिष्ट सेवा के लिए अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

<><><><><><><>

उत्तर एवं मध्य अंडमान के कालाडी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करते हुए स्कूल चैलेंज–टबैको–फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस 2025 के फाउंडेशनल श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह पहल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा "तंबाकू मुक्त पीढ़ी" के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इस उपलब्धि को 29 मई को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम में 'नशा मुक्त विद्यालय एक्शन प्लान' का भी शुभारंभ हुआ। विद्यालय की ओर से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राथमिक विद्यालय शिक्षक तरपन सरकार ने प्राप्त किया। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक विज्ञान राम प्रवेश भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार ने देशभर के विजेता विद्यालयों को सम्मानित किया।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, श्री विजयपुरम में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी 2 जून से 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन पोर्टल collegeadmission.andaman.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>